# १ मन के भोले भाले बादल

**१ . सही उत्तर पर (✓) निशान लगाए |**

(क) कविता मैं बादलों ने किसके समान पंख लगाए हुए है?

(i) चिड़िया के (ii) पक्षियों के (iii) परियों के (iv) जोकर के

(ख) बादलों के थैलों से क्या बरसता है?

(i) कोफ़ी (ii) पानी (iii) बर्फ (iv) फूल

(ग) ऊँट की तरह बादल क्या निकाले घूम रहे है?

(i) सूंड (ii) पंख (iii) पूँछ (iv) कूबड़

(घ) किसी की ना सुनते हुए बादल क्या बजाते हुए निकलते है?

(i) सीटी (ii) चिमटा (iii) ढोलक (iv) तबला

(ङ) बादल नदी-नालों मैं क्या लेकर आते हैं?

(i) बाढ़ (ii) गंदगी (iii) कूड़ा (iv) पथ्थर

(च) थोड़ी-थोड़ी देर मैं बादल कहाँ छा जाते हैं?

(i) बगिया मैं (ii) घर पर (iii) पेड़ पर (iv) छत पर

(छ) गुब्बारे जैसे गाल किसके हैं?

(i) आसमान के (ii) बादलों के (iii) बच्चों के (iv) जोकर के

**२ .बॉक्स में से सही शब्दों को चुनकर खाली स्थान भरिए|**

| वर्षा, भोला-भाला , बादल , आसमान , झर-झर , जिद्दी , शैतान |
|---|

(क) बादल कभी-कभी __________ बन जाते हैं।

(ख) बादल __________ मैं दौड़ रहे हैं ।

(ग) बादल का मन __________ हैं ।

(घ) बादल बहुत __________ होते हैं।

(ङ) पानी __________ बरसता हैं ।

**३ . सही मिलान कीजिए ।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | झब्बर-झब्बर | (i) | सूंड |
| (ख) | परियों-से | (ii) | बाढ़ |
| (ग) | हाथी-से | (iii) | पंख |
| (घ) | नदी-नालों | (iv) | बालों वाले |

Free worksheets, NCERT Solutions, Learning material & more at www.onepointlearning.com

**४ . कविता के आधार पर सही (✓) या गलत (X) का निशान लगाए ।**

(क) बादलों का आकार चपटा हैं । ☐

(ख) कुछ बादल कूबड़ वाले ऊँटों जैसे दिख रहे हैं। ☐

(ग) बादल सभी की सुनते हैं। ☐

(घ) बादल आपस मैं टकरा रहे हैं। ☐

(ङ) बादल जिद्दी बन जाते हैं। ☐

**५ . निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए|**

(क) मन के भोले-भाले बादल कविता के कवि का नाम क्या है?

उत्तर . ____________________________________________

____________________________________________

(ख) कवि ने बादलों को किस-किस के सामान बताया हैं?

उत्तर . ____________________________________________

____________________________________________

(ग) आपस मैं टकराने पर ये बादल किस प्रकार के दिखाई पड़ते हैं?

उत्तर . ____________________________________________

____________________________________________

(घ) बादल किस प्रकार की हरकतें करते हैं?

उत्तर . ____________________________________________

____________________________________________

(ङ) किस प्रकार के बादल आसमान मैं दौड़ रहे हैं?

उत्तर . ____________________________________________

____________________________________________

(च) बादल कैसी-कैसी शैतानियाँ करते हैं?

उत्तर . ____________________________________________

____________________________________________

(छ) अंत मैं कवि ने बादलों का स्वभाव कैसा बताया है?

उत्तर . ____________________________________________

____________________________________________

**६ . दिए गए शब्दो के समान तुक वाले शब्द कविता से ढूंढ़कर लिखिए।**

(क) बालों = __________ (ख) काले = __________

(ग) बरसाते = __________ (घ) भोले = __________

(ङ) शैतानी = __________ (च) जाते = __________

**७ . समान अर्थ वाले शब्द लिखिए ।**

(क) बादल = __________ (ख) सागर = __________
(ग) पंख = __________ (घ) नदी = __________
(ङ) पानी = __________ (च) चुपके = __________

**८ . विलोम शब्द लिखिए|**

(क) आसमान x __________ (ख) आना x __________
(ग) काले x __________ (घ) ऊपर x __________
(ङ) मतवाले x __________ (च) बहुत x __________

**९ . नीचे दिए गए शब्दों के वचन बदलकर लिखिए|**

(क) बाल = __________ (ख) परी = __________
(ग) गुब्बारा = __________ (घ) मतवाला = __________
(ङ) ऊँट = __________ (च) शैतानी = __________

**१० . नीचे दिए गए शब्दों की मदद से वर्षाऋतू पर एक अनुच्छेद लिखिए|**

वर्षाऋतू - मेरी मनपसंद ऋतू - बारिश - बादल गरजने - रिमझिम - हरियाली - किसान - कागज़ की नाव छाता और रेनकोट - मच्छरों का प्रकोप।

____________________________________________________________
____________________________________________________________
____________________________________________________________
____________________________________________________________
____________________________________________________________
____________________________________________________________
____________________________________________________________
____________________________________________________________
____________________________________________________________
____________________________________________________________

# Answer

१.

(क) परियों के (ख) पानी (ग) कूबड़ (घ) ढोलक (ङ) बाढ़
(च) छत पर (छ) बादलों के

२ .

(क) जिद्दी (ख) आसमान (ग) भोला-भाला (घ) शैतान (ङ) झर-झर

३ .

(क). iv (ख). iii (ग). i (घ). ii

४ .

(क) X (ख) ✓ (ग) X (घ) ✓ (ङ) ✓

५ .

(क) मन के भोले-भाले बादल कविता के कवि का नाम कल्पनाथ सिंह हैं।

(ख) कवि कहता है कि इन बादलों के बाल झब्बर दार हैं और गाल गुब्बारे जैसा है। कुछ बादल जोकर की तरह तोंद फुलाए हैं कुछ हाथी-से सूंड उठाएं हैं। कुछ ऊँटों-से कूबड़ वाले हैं और कुछ बादलों में परियों-से पंख लगे हैं। ये सभी बादल आपस में टकराते रहते हैं और शेरों से मतवाले लगते हैं।

(ग) आपस मैं टकराने पर ये बादल शेरों से मतवाले दिखाई दे पड़ते हैं।

(घ) बादलों की हरकतें तूफानी और शैतानी हैं।

(ङ) काले बादल आसमान में दौड़ रहे हैं।

(च) बादल ढ़ोल बजाकर, चुपके से छत पर आकर, जिद्दी बनकर, नदी-नालों मैं बाढ़ लाकर आदि शैतानियाँ करते हैं।

(छ) अंत मैं कवि ने बादलों का स्वभाव मन के भोले-भाले बताया हैं।

६ .

(क) गालों (ख) मतवाले (ग) टकराते (घ) भाले (ङ) तूफानी (च) लाते

७ .

(क) जलद (ख) समुद्र (ग) पर (घ) सरिता (ङ) नीर (च) छिपकर

८ .

(क) जमीन (ख) जाना (ग) सफ़ेद (घ) नीचे (ङ) शांत (च) थोड़ा

९ .

(क) बालों (ख) परियाँ (ग) गुब्बारे (घ) मतवाले (ङ) ऊँट (च) शैतानियाँ

१०.

भारत में साल में चार ऋतुएँ आती हैं। जिसमे से वर्षा ऋतु भी एक है। वर्षा ऋतु को बारिश का मौसम भी कहा जाता है। वर्षा ऋतु भारत मैं जून से लेकर सितम्बर महीने तक होती है। बरसात के कारण वर्षा ऋतू मेरी पसंदीदा ऋतू हैं। वर्षा ऋतु गर्मी के मौसम के बाद आने वाली ऋतु है, जिसमे बारिश बहुत अधिक मात्रा में होती है। वर्षा ऋतु में बादल गरजते हैं। बिजली कड़कती है। फिर वर्षा होती है। पानी बरसने की रिमझिम आवाज बहुत अच्छी लगती है। वर्षा के कारण चारों तरफ हरियाली छा जाती है। पेड़-पौधे हरे-भरे हो जाते हैं। बागों में मोर नाचते हैं और कोयल कूकती है। किसान खेती के काम में जुट जाते हैं। वर्षा के जल से नदी-नाले, तालाब-कुएँ, पोखर आदि पानी से भर जाते हैं। बरसात के मौसम हम कागज़ की नाव बनाकर पानी मैं चलाते हैं। इस मौसम मैं लोग घर से बहार निकलने से पहले छाता और रेनकोट लेकर निकलते हैं । वर्षा से मच्छरों का प्रकोप होता है, जो अपने दंश से मानव को बिना माँगे मलेरिया दान कर जाते हैं । वायरल फीवर, टायफॉइड बुखार, गैस्ट्रो एंटराइटिस, डायरिया, डीसेन्ट्री, कोलेर आदि रोग इस ऋतु के अभिशाप हैं। वर्षा ऋतु मुझे बहुत अच्छी लगती है।